an>

Title: The Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 11th August, 2014 and Submission made by Members.

**वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा जीर्णोद्धार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार):** महोदया, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करता हूं कि सोमवार, 11 अगस्त, 2014 से आरम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जाएगाः-

1. रेल (संशोधन) विधेयक, 2014 पर विचार और पारित करना।

2. निम्नलिखित विधेयकों पर विचार और पारित करनाः-

(क) शिशु (संशोधन) विधेयक, 2014;

(ख) संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2014;

और

(ग) कारखाना (संशोधन) विधेयक, 2014

3. राज्य सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात श्रम विधि (विवरणी देने और रजिस्टर रखने से कतिपय स्थापनों को छूट) संशोधन विधेयक, 2011 पर विचार और पारित करना।

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) :** अध्यक्ष जी, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए -

1. मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में सर्वाधिक तालाब हैं। यह चन्देलकालीन तालाब लगभग 950 थे। किंतु रखरखाव के अभाव में तथा अतिक्रमण के कारण अभी लगभग 450 तालाब बचे हैं। पुरातत्व महत्व के इन सभी तालाबों का जल संरक्षण योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार की आवश्यकता है।

2. मध्य प्रदेश के ओरछा धार्मिक एवं पर्यटक केंद्र पर देशी विदेशी पर्यटकों की अपार भीड़ की उपस्थिति देखते हुए यहां से हवाई सेवाएं देश के प्रमुख नगरों से जोड़ने की आवश्यकता है।

**श्री शैलेश कुमार (भागलपुर):** अध्यक्ष जी, कृपया निम्न दो विषयों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में जोड़ लिया जाए -

1. भागलपुर शहर में यातायात का दबाव बहुत ही ज्यादा है। शहर के यातायात को विकेंद्रित करने तथा शहर के अंदर सामान्य आवागमन बनाए रखने के लिए भागलपुर में कहलगांव से तीन टेंगा तक राष्ट्रीय नदी गंगा पर आवागमन के लिए नए पुल का निर्माण किए जाने की आवश्यकता है।

2. भागलपुर सिल्क नगरी के रूप में प्रसिद्ध है तथा बिहार राज्य के पूर्वी भाग का एक प्रमुख शहर है। देश के कोने-कोने से सिल्क के व्यापार के लिए यहां लोगों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन भागलपुर शहर के लिए घरेलू विमान सेवा नहीं होने के चलते स्थानीय नागरिकों तथा अन्य लोगों को दूसरे महानगरों में आवागमन करने में काफी कठिनाई होती है। अतः भागलपुर में विमान सेवा प्रारंभ करने के लिए हवाई अड्डे के निर्माण कराए जाने की आवश्यकता है।

**डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) :** अध्यक्ष जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने आगामी सप्ताह के लिए सदन के कार्यक्रम को प्रस्तुत किया है, उसमें मैं निम्नलिखित प्रस्तावों को जोड़ना चाहता हूं -

1. बिहार के बेगूसराय जिले में कांवड झील जो 15000 एकड़ में है, उसे किसान विहार घोषित किया जाए।

2. बेगूसराय के जयमंगलागढ़ को बुद्ध सर्किट में जोड़ने की सरकार घोषणा करें।

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** अध्यक्ष महोदया, वर्तमान सत्र के अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित लोक महत्व के विषय को विचार हेतु सम्मिलित कर सदन में चर्चा कराने की कृपा करें।

महोदया, देश के विभिन्न स्थानों पर कोल आदिवासी समुदाय के लोग भारी संख्या में रहते हैं जो केवल वनों एवं खेती पर आधारित हैं। उत्तर प्रदेश में चित्रकूट, सोनभद्र, मिर्जापुर, बांदा तथा इलाहाबाद जिले में इनकी बहुतायत है। काफी लम्बे समय से उत्तर प्रदेश में कोल जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिये जाने की मांग भारत सरकार से की जा रही है किन्तु अभी तक प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाया है।

अतः आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश में कोल आदिवासी समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची मे सम्मिलित करने के लिए सदन में चर्चा करायी जाए।

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** अध्यक्ष जी, मैं निम्नलिखित विषयों को सप्ताह के अगले कार्यसूची में शामिल करने की कृपा की जाए -

1. हमारे संसदीय क्षेत्र गिरिडीह के अन्तर्गत जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता खराब है, उक्त सड़कों की गुणवत्ता जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा।

2. झारखण्ड सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के उन्नयन एवं विकास हेतु राशि उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है। अतः केन्द्र सरकार के द्वारा उक्त प्रस्ताव के आलोक में शीघ्र निधि/राशि विमुक्त कर झारखण्ड सरकार को भेजने की अपेक्षा।

**श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर):** महोदया, आपसे निवेदन है कि सबमिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में शामिल किए जाने हेतु

अनुमति प्रदान की जाए -

1. महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरोली चिमुर आदिवासी संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत नागभीड़ से नागपुर छोटी रेलवे लाईन, जो चन्द्रपुर व नागपुर जिलों से होकर गुजरती है, को बड़ी रेलवे लाइन में परिवर्तित किए जाने के बारे में।

2. महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरोली चिमुर संसदीय क्षेत्र जो एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, के गढ़चिरोली आदिवासी जिले की लघु, मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को केन्द्र सरकार से वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अब तक स्वीकृति न मिलने से नक्सलवाद से प्रभावित जिले में किसानों को भूमि सिंचन हेतु पानी न उपलब्ध होने से सम्बन्धित विषय।

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) :** माननीय अध्यक्ष जी, मेरा आपसे निवेदन है कि निम्लिखित विÂ◌ाय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में समावेश किया जाए।

1) अहमदाबाद के नारोल, विशाका सर्कल होते हुए जुहापुरा से सरखेल से सौराÂट्र जाने वाले राÂट्रीय राजमार्ग नं. 4 पर सीवर्स लेन का फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए।

2) बीआरटीएस रूट पर रानी क्रॉस रोड पर डा. अम्बेडकर राÂट्रीय फाउंडेशन में विकास और सुविधाओं के लिए वित्तीय मदद दी जाए।

DR. KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): Madam Speaker, I request that the following items may be included in the next week's agenda:

1. Need to expedite, coordinate, streamline various Metro Railway Projects across the country and give momentum; and
2. Steps to improve power situation in the country and measures to streamline power projects in the country.

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam Speaker, I request that the following matters may be included in the Government Business for the coming week:

1. Discussion on 49 per cent FDI in Defence and 100 per cent in Railways which are against national interest; and
2. The situation in Jute industry due to non-lifting of jute bags by the Government of Punjab that is leading to closure of Jute Mills.

*m11

SHRI P. KUMAR (TIRUCHIRAPPALLI): Madam Speaker, I request that the following items may be included in the next week's agenda:

1. Discussion regarding regularization/abolition of toll tax, collected all over the country; and
2. Discussion regarding need to nationalize/interlink all the rivers of the country.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं पांच दिन से लगातार निवेदन कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आज एक तो लेने दो। आपको भी समय दे देंगे।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैडम, तब तक यात्रा खत्म हो जाएगी।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं होगी।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** एक तो पहले से 25 सालों से वे लोग बेघर हैं।...(व्यवधान) कश्मीरी पंडितों की बात कब सुनी जाएगी? वे तादाद में ज्यादा नहीं होंगे लेकिन उनकी आवाज तो सुनी जानी चाहिए। न सदन के बाहर और न जम्मू-कश्मीर की सरकार उनकी बात सुनती है। क्या सदन के अंदर भी उनकी बात नहीं सुनी जाएगी?...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सुनी जाएगी। सदन के अंदर भी सुनी जाएगी। आज जो लिया है, उसको तो पहले करने दीजिए।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैडम, पिछली बार भी कहा गया कि आज कॉलिंग अटैंशन देंगे। ...(व्यवधान) मैडम, क्या किसी दिन इसका समय तय किया जाएगा?

**माननीय अध्यक्ष :** दे देंगे। नहीं तो आपको ज़ीरो ऑवर में दे देंगे।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैडम, बीएसी में कॉलिंग अटैंशन में आया है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** दे देंगे। I am looking into it.

...(*Interruptions*)